F.Y.
March 2017

Reg. No. ......................................

Name ..........................................

638

## Part - III

## HINDI (OPTIONAL)

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool off time : **15** Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are neither allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool off time'.
- Use the 'cool off time' to get familiar with questions and to plan your answers.
- Read the questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.

**सूचना :** निम्नांकित कवितांश पढ़िए और **1** से **3** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

एक ही दिन में पुरानी पड़ जाती है दुनिया
जैसे बसंत का गया पतझड़ को लौटा हूँ
जैसे बैशाख का गया भादों को लौटा हूँ
अब यही है उपाय की हर दरवाज़ा खटखटाओ
और पूछो –
क्या यही है वो घर?
समय बहुत कम है तुम्हारे पास
आ चला पानी ढहा रहा अकास
शायद पुकार ले कोई पहचाना ऊपर से देख ।

**1.** यह किस कविता का अंश है? **(1)**

**2.** घर ढूँढ निकालने का उपाय क्या है? **(1)**

**3.** कविता की आस्वादन-टिप्पणी लिखिए । **(7)**

**सूचना :** निम्नांकित दोहा पढ़िए और **4** से **6** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

निंदक नेड़ा राखिए, अंगणि कुटी बंधाइ ।
बिन सांवण पांणी बिन, निरमल करै सुभाइ ।।

**4.** 'निकट' शब्द का समानार्थी शब्द दोहे से ढूँढकर लिखिए । **(1)**

**5.** 'साबुन', 'पानी' आदि के लिए दोहे में प्रयुक्त शब्द लिखिए । **(2)**

**6.** दोहे का भावार्थ लिखिए । **(4)**

**सूचना :** 'बुढ़ापा' व्यंग्य निबंध का यह अंश पढ़िए और **7** से **10** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

बस बात लग गई । बूढ़े हो जाने से ही इन्सान बंदर हो जाता है? इतना अपमान? बूढ़ों की ऐसी अप्रतिष्ठा! झुकी हुई कमर को कुबड़ी के सहारे सीधी कर मैंने उन लड़कों से कहा – 'नालायको! आज कमर झुक गई है । आज आँखें कम देखने और कान कम सुनने के आदी हो गए हैं । आज दुनिया की तस्वीरें भूले हुए स्वप्न की तरह झिलमिल दिखाई दे रही है । आज विश्व की रागिनी अतीत की प्रतिध्वनि की तरह अस्पष्ट सुनाई पड़ रही है । मगर हमेशा यही हालत नहीं थी ।

**7.** बूढ़ा हो जाने से इन्सान कौन बन जाता है? **(1)**

**8.** बुढ़ापे की कमजोरियाँ क्या क्या हैं? **(3)**

**9.** परिच्छेद से तीन संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए । **(3)**

**10.** निबंध के अंश से 'स्वप्न' शब्द का विशेषण शब्द ढूँढकर लिखिए । **(1)**

**11.** 'कोठरी में कालिन्दी आँचल में मुँह दबाए सिसक रही है ।' ससुराल में कालिन्दी का जीवन दर्दभरा था । कालिंदी अपनी दुख कथा को सूचित करके सहेली को पत्र लिखती है । वह पत्र तैयार कीजिए ।

- साँस का बुरा व्यवहार
- पति की निर्दयता
- ससुराल में अकेलापन
- माँ की मृत्यु
- ससुराल में काम का बोझ **(7)**

**सूचना :** निम्नलिखित गद्यांश पढ़िए और **12** से **18** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

20 मई, 1900 को उत्तराखंड के कोसानी–अल्मोडा में सुमित्रानंदन पंत का जन्म हुआ था । वे बचपन से ही कविता लिखते थे । पंतजी छायावाद के प्रमुख स्तंभ के रुप में जाने जाते हैं । उनकी प्रारंभिक कविताओं में प्रकृति–प्रेम और रहस्यवाद झलकते हैं । इसके बाद वे मार्क्स और महात्मा गान्धी के विचारों से प्रभावित हुए । इनकी बाद की कविताओं में अरविन्द दर्शन का प्रभाव स्पष्ट नजर आता है । वे आकाशवाणी के परामर्शदाता रहे । 1961 में भारत सरकार ने इन्हें पद्मभूषण से अलंकृत किया । उन्हें 'कला और बूढ़ा चाँद' कविता संग्रह पर साहित्य अकादमी पुरस्कार और चिदंबरा संग्रह पर ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया । वीणा, पल्लव, गाम्या, लोकायतन आदि उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं ।

**12.** सुमित्रानंदन पंत का जन्म कहाँ हुआ? **(1)**

**13.** पंतजी को प्राप्त पुरस्कारों का परिचय दीजिए । **(3)**

**14.** पंतजी की चार प्रमुख रचनाएँ चुनकर लिखिए । **(2)**

**15.** गद्यांश से तीन सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए । **(3)**

**16.** गद्यांश से दो क्रिया शब्द चुनकर लिखिए । **(2)**

**17.** गद्यांश का संक्षेपण कीजिए । **(7)**

**18.** गद्यांश के आधार पर पंतजी का आत्मकथांश तैयार कीजिए ।

- जन्म
- प्रमुख रचनाएँ
- प्रभाव
- पुरस्कार **(7)**

**सूचना :** निम्नलिखित **19** से **23** तक के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर लिखिए । **(3 × 8 = 24)**

**19.** 'बच्चे हामिद ने बूढ़े हामिद का पार्ट खेला था ।' वह मेले का अनुभव भूल नहीं सकता है । हामिद के उस दिन की डायरी तैयार कीजिए ।

- बच्चों के साथ मेले में भाग लेना
- खिलौना नहीं खरीदना
- मित्रों से रेबडी नहीं मिलना
- चिमटा खरीदना
- माँ की खुशी

**20.** 'आज की युवा पीढ़ी अंतर्जाल (Internet) का गुलाम है ।' इस विषय पर उल्लेख करते हुए निबंध लिखिए ।

- विज्ञान और मानव
- ज्ञान का विस्फोटन
- जीवनोपयोगी
- अवगुणों की सृष्टि
- उपयोग में सतर्कता
- नई पीढ़ी का जागरण

**21.** 'माँ दिल ही दिल में बेटे के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएँ करने लगी ।' अपनी उपेक्षा की परवाह किए बिना बेटे की तरक्की के लिए काम करनेवाली माँ के चरित्र पर टिप्पणी लिखिए ।

- ग्रामीण जीवन पर आस्था
- लोकगीत एवं कलाओं से परिचित
- ईश्वर भक्त
- बेटे के प्रति ममता
- बेटे की तरक्की की कामना

**22.** 'आज भी कबीर के दोहे प्रासंगिक हैं ।' इस विषय पर भाषण तैयार कीजिए ।

- निर्गुण काव्यधारा
- ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख कवि
- गुरू की महिमा
- अंधविश्वासों का खंडन
- सामाजिक एकता
- क्रांतिकारी भावना

**23.** 'रीतिकालीन साहित्य की विशेषताओं' का उल्लेख करते हुए एक आलेख तैयार कीजिए ।

- रीतिकाल का उद्भव
- रीतिकाल के प्रवर्तक
- अलंकारों की प्रमुखता
- उन्मुक्त प्रेम की अभिव्यक्ति
- प्रेम के वियोग-पक्ष की प्रमुखता